









# करोड़ों का बिजली बिल वसूलने में विभाग को छूट रहा पसीना

## सभी तरह के कनेक्शन में लगभग 500 करोड़ एरियर्स बकाया, 64 करोड़ से अधिक फंसे शासकीय विभागों में

नवभारत न्यूज

**रीवा, 15 सितम्बर, जिले में सभी तरह के विद्युत कनेक्शन पर विभाग का लगभग 500 करोड़ से अधिक का एरियर्स बकाया है. जिसकी वसूली में विभाग के अधिकारियों को पसीना छूट रहा है. अकेले शासकीय विभागों पर लगभग 64 करोड़ बिल बकाया है. लगातार नोटिस के बाद भी पैसा नही आ रहा है. लेकिन कनेक्शन विभाग नही काट रहा. जबकि घरेलू उपभोक्ताओं के यहा बकाया होने पर कनेक्शन काटने की कार्यवाही होती है.**



गौरतलब है कि विद्युत विभाग का शासकीय, निजी एवं व्यवसायिक, औद्योगिक सभी तरह के विद्युत कनेक्शन में लगभग 500 करोड़ से अधिक का एरियर्स बकाया है जिसकी वसूली नही हो पा रही है. करंट डिमांड की वसूली तो होती है लेकिन एरियर्स की राशि बढ़ती चली जाती है. जिसके कारण 500 करोड़ से अधिक का बकाया विभाग का हो गया है. अकेले त्योंथर संभाग पर लगभग 110 करोड़ का एरियर्स बकाया है. इसी तरह अन्य संभाग में भी राशि बकाया है. जिसमें मऊगंज, पश्चिम, पूर्व एवं शहर संभाग शामिल है. यहा भी इसी तरह पैसा बकाया है. सबसे ज्यादा ग्राम पंचायत जल प्रदाय में लगभग 45 करोड़ की राशि बकाया है और महिला बाल विकास विभाग में 7 करोड़ की राशि बकाया है. यह दो बड़े विभाग है जहा ज्यादा राशि बकाया है. सभी विभागों में मिलाकर लगभग 68 करोड़ की राशि बकाया है. जिसकी वसूली विभाग नही कर पा रहा है. घरेलू उपभोक्ताओं को पैसा जमा न करने पर धारा 65 के तहत नोटिस जारी करने के साथ कनेक्शन काटने की कार्यवाही की जा रही है. कनेक्शन कटने के बाद उपभोक्ता पैसा भी जमा करते है. त्योंथर डिवीजन के कार्यपालन यंत्री आशीष बैन ने बताया कि उनके डिवीजन में काफी पैसा बकाया है. वसूली के लिये लगातार नोटिस जारी की जा रही है और कनेक्शन काटने की कार्यवाही भी हो रही है. अधिकांश बड़े बकायादारों ने कनेक्शन काटने के बाद पैसा भी जमा किया है. उन्होने बताया कि उनके डिवीजन में लगभग 100 करोड़ का एरियर्स बकाया है. जिसकी वसूली के प्रयास चल रहे है.

### वसूली के लगातार प्रयास चल रहे हैं : शुक्ला

अधीक्षण अभियंता बी.के शुक्ला ने बताया कि शासकीय विभागों पर जो विद्युत बिल बकाया है उसके लिये समय-समय पर पत्राचार किया गया है और पैसा भी आया है. लेकिन कई विभागों में बहुत ज्यादा पैसा बकाया है, जिसके लिये पत्राचार कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है. ग्राम पंचायत, जल प्रदाय आदि में ज्यादा पैसा बकाया है. वित्तीय वर्ष समाप्त होने के पहले कोशिश है कि लक्ष्य के अनुरूप वसूली हो. सभी डिवीजन को इस माह का लक्ष्य दिया गया है. वसूली के लिये कनेक्शन विच्छेद करने से लेकर कई तरह की कार्यवाही की जा रही है.



# चारों तरफ गणेश उत्सव की धूम, पंडालों में विराजे गजानन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 15 सितम्बर, गणेश चतुर्थी से गणेश उत्सव शुरू हो गया है चारो तरफ गणेश उत्सव की धूम मची हुई है. गणपति बप्पा की भक्ति में लोग डूब रहे है. मंदिर, घरों एवं पंडालों में गणेश प्रतिमाओं की स्थापना सोमवार को की गई और दूसरे दिन विधि विधान से ढोल नगाड़ो के साथ गणपति की पूजा आरती की गई.**

दस दिन तक चलने वाले गणेश उत्सव को लेकर लोग बेहद उत्साहित है. सोमवार को जहा देर रात तक गणेश जी की प्रतिमा पंडालों तक ले जाने की भीड़ रही. वही दूसरे दिन पंडालों में सुबह से शाम तक भक्तों की भीड़ उमड़ी. शहर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अमहिया के राजा गणपति की भव्य प्रतिमा रखी गई है और पूरे मार्ग को लाइटिंग से सजाया गया है. दूसरे दिन यहा शाम की आरती में लोगो की भीड़ उमड़ी. अमहिया के अलावा, अस्पताल चौराहा, शिल्पी प्लाजा, पद्मधर कालोनी, रेडियो कालोनी, शांति बिहार कालोनी सहित विभिन्न स्थानों पर गणपति विराजे गये है. इसके साथ ही किला स्थित गणपति मंदिर में भी भगवान गणेश को सजाया गया है और सुबह-शाम पूजा अर्चना की जा रही है. चोरहटा स्थित गणेश मंदिर में दस दिन का उत्सव शुरू हो गया है.

यहा भगवान गणेश के दर्शन करने सुबह शाम लोग पहुंच रहे है. शाम को आरती के साथ भजन कीर्तन भी होता है. आसपास के लोग यहा दर्शन के लिये पहुंचते है. पंडालों के अलावा लोगो ने अपने-अपने घरों में भी गणेश जी की प्रतिमा रखकर पूजा कर रहे है. कई लोग तीन दिन के बाद विसर्जन कर देते है जबकि कुछ लोग दस दिन गणेश उत्सव मनाते है उसके बाद गणपति की विदाई करते है.

# श्रीयुत की जयंती पर कांग्रेसजन अर्पित करेंगे श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

**रीवा, 15 सितम्बर, मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं कांग्रेस पार्टी के कद्दावर नेता रहे स्वर्गीय श्रीनिवास तिवारी की 101वीं जयंती के अवसर पर 17 सितंबर को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.**



जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष इंजी. राजेंद्र शर्मा एवं शहर अध्यक्ष अशोक पटेल 'झब्बू' ने बताया कि 17 सितंबर को प्रात: 11:00 बजे एसएएफ चौराहा स्थित स्वर्गीय श्रीनिवास तिवारी की प्रतिमा पर कांग्रेसजनों द्वारा माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी जाएगी. इसके पश्चात दोपहर 12:00 बजे स्वर्गीय श्रीनिवास तिवारी के अमहिया स्थित आवास पर संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा. संगोष्ठी में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होकर स्वर्गीय श्रीनिवास तिवारी के कृतित्व, व्यक्तित्व एवं सार्वजनिक जीवन में उनके योगदान पर प्रकाश डालेंगे तथा उनके विचारों एवं जनसेवा के प्रति समर्पण को स्मरण करेंगे. जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष इंजी. राजेंद्र शर्मा एवं शहर अध्यक्ष अशोक पटेल 'झब्बू' ने समस्त कांग्रेस पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं कांग्रेसजनों से पहुंचने की अपील की गई है.

# जिले के 10 प्रमुख स्थानों में कल जलाए जाएंगे दीप

नवभारत न्यूज

**रीवा, 15 सितम्बर, जिले भर में 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा. अभियान के प्रथम दिन जिले के 10 प्रमुख स्थानों में आशीर्वाद के दीप जलाये जायेंगे.**

इन प्रमुख स्थानों में दीप जलाने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों की तैनाती कर दी गई है. इस संबंध में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि 17 सितंबर को जिन 10 प्रमुख स्थानों में आशीर्वाद के दीप जलाये जायेंगे उनमें सोलर पावर प्लांट बदवार, मोहनिया टनल बदवार, रीवा एयरपोर्ट, पचमठा, हाईड्रो थर्मल पावर प्लांट सिलपरा व सिरमौर, रेलवे स्टेशन, सांदीपनि विद्यालय त्योंथर, अमृत सरोवर ग्राम पंचायत बड़ाछ आदि स्थान है.

## संक्षिप्त

### कलेक्टर आज करेंगे ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा

रीवा, , कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी 16 सितम्बर को ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा करेंगे. समीक्षा बैठक सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित की गई है. इस बैठक के बाद नगरीय निकायों के कार्यों की समीक्षा की जाएगी. सभी संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं.

### पंजीयन के लिए अधिकारी तैनात

रीवा, , स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन योजना के तहत जिले के 21 हजार 899 भू-स्वामियों को भू-अधिकार पंजीयन प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे. इसके लिए विभिन्न अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है. इस संबंध में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि सभी पटवारी निष्पादक अधिकारी के रूप में सारा ऐप में संबंधित भूमिस्वामी की ई केवाईसी दर्ज कराएंगे. इसमें ग्राम रोजगार सहायक उन्हें सहयोग प्रदान करेंगे. भू-अधिकार पत्र के पंजीयन के लिए तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, सहायक विकास विस्तार अधिकारी तथा पंचायत विकास समन्वयक अधिकारी को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बनाया गया है. इनके द्वारा संपदा पोर्टल पर पटवारी द्वारा दर्ज पंजीयन आवेदनों का सत्यापन करके पंजीयन प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे. सभी एसडीएम अपने अनुभाग में स्वामित्व योजना के अधिकार पत्र पंजीयन तैयार करने तथा वितरित करने की मॉनीटरिंग करेंगे. सभी संबंधित अधिकारियों को योजना के संबंध में प्रशिक्षण दिया जा चुका है.

### किसानों की होगी ई -केवाईसी

रीवा, जिले भर के पात्र किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से हर वर्ष तीन समान किस्तों में 6 हजार रुपए की सम्मान निधि दी जाती है. किसानों की ई केवाईसी बायोमेट्रिक माध्यम से ऑनलाइन दर्ज की जाएगी. इसके लिए जिले में 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक विशेष अभियान चलाया जाएगा. इस संबंध में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने सभी एसडीएम और तहसीलदारों को निर्देश देते हुए कहा है कि सरकार के निर्देशों के अनुरूप प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लिए किसानों की ई केवाईसी अभियान में कराएं. किसानों के आधार एवं बैंक खाता डीबीटी के लिए आधार अपडेशन कराएं. सभी किसानों की अभियान के दौरान फार्मर आईडी भी अनिवार्य रूप से बनाएं. सभी शेष बचे किसानों का चिन्हांकन करके ई केवाईसी की कार्यवाही करें. कृषि विज्ञान केन्द्र तथा कृषि विभाग के सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से प्रत्येक किसान तक अभियान से जुड़ी जानकारी पहुंचाएं एवं पात्र किसानों की ई केवाईसी कराएं.



### संजय द्विवेदी का सच्चू ने किया स्वागत

रीवा, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं सेमरिया क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहने वाले संजय द्विवेदी का जन्मदिन वरिष्ठ संविदाकार सच्चू तिवारी द्वारा मनाया गया. श्यामा मैरिज गार्डन में स्वागत किया गया. संजय द्विवेदी के पहुंचने पर सच्चू तिवारी ने गजमाला से स्वागत किया और कहा कि आप इसी तरह सादगीपूर्ण तरीके से क्षेत्र की जनता की सेवा करते रहे. इस दौरान संजय द्विवेदी ने कहा कि आप सभी एवं छोटे भाईयों का प्रेम पाकर मैं अभीभूत हूं. इसी तरह आप सबका सहयोग मेरे जीवन में बना रहे. जनता की सेवा के लिये मैं हमेशा तत्पर हूं और हर संकट की घड़ी में खड़ा रहूंगा. इस दौरान एड. कमलेश्वर सिंह, योगेन्द्र सिंह, गिरधारी लाल अग्निहोत्री, रेनू सिंह, राघवेन्द्र तिवारी, अमन पाण्डेय, उमाशंकर मिश्र, रामपाल यादव, दीपक तिवारी, नरेन्द्र पाण्डेय, रोहित पाण्डेय, गोरे सिंह, सुभम पाण्डेय सहित सैकड़ो की

# रोजगार मेला में आज युवाओं का चयन करेंगीं कम्पनियां

नवभारत न्यूज

**रीवा, 15 सितम्बर, शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय रीवा में 16 सितंबर को वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा.**

जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे. रोजगार मेले में 21 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा. इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में आने वाले युवाओं के पंजीयन सुबह 10 बजे से 2 बजे तक किया जाएगा. मेले में शामिल होने वाले युवाओं के लिए आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है. रोजगार मेले में शामिल होने के लिए युवाओं की आयु 18 से 38 वर्ष के बीच होनी चाहिए. कक्षा 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, एमबीए, समस्त ट्रेडों से आईटीआई उत्तीर्ण तथा मेकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा प्राप्त युवा शामिल हो सकते है.

# गर्भवती महिलाओं के उपचार में लापरवाही बरतने वालों पर करें कार्रवाई : शीलेन्द्र

नवभारत न्यूज

**रीवा, 15 सितम्बर, कमिश्नर शीलेन्द्र सिंह ने कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कहा कि सभी अधिकारी विभागीय योजनाओं की प्रगति की हर सप्ताह रिपोर्ट दें.**

सीएम हेल्पलाइन में सौ दिन से अधिक समय से लंबित प्रकरणों का सात दिवस में निराकरण कराएं. अनुकंपा नियुक्ति और पेंशन के प्रकरण तत्काल दर्ज कराएं. सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों में लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई की जाएगी. अन्तर्विभागीय समन्वय के बिन्दु बैठक में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें. संभागीय प्रबंधक सड़क विकास निगम सोहागी घाटी में घाट सुधार का कार्य दिसम्बर माह तक पूरा कराएं. कमिश्नर ने कहा कि महिलाओं और शिशुओं की स्वास्थ्य रक्षा के संबंध में तत्परता और संवेदनशीलता से प्रयास करें. इससे जुड़े आंकड़े और रिपोर्ट क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य तथा संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त हस्ताक्षर से प्रस्तुत करें. गर्भवती महिलाओं के पंजीयन और उपचार में लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्रवाई करें. गर्भवती महिलाओं की उचित देखभाल और सुरक्षि प्रसव स्वास्थ्य और महिला बाल विकास विभाग की जिम्मेदारी है.



# 51 हजार दीपों से जगमगाएगा पचमठा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 15 सितम्बर, 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत 17 सितम्बर को पंचमठा परिसर में जिला स्तरीय वृहद दीपदान 'आशीर्वाद का दिया' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा.**

कार्यक्रम के दौरान पंचमठा परिसर में 51 हजार दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे. इसे लेकर



नगर निगम आयुक्त अक्षत जैन ने निगम सभागार में बैठक आयोजित कर कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. निगम आयुक्त अक्षत जैन ने बताया कि अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले वृहद दीपदान कार्यक्रम के लिए विभिन्न विभागों एवं अधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं. उन्होंने निर्देश दिए कि पंचमठा परिसर की व्यापक साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, दीप, तेल सहित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं कार्यक्रम से पूर्व ही सुनिश्चित कर ली जाएं, निगम आयुक्त ने रीवा शहरवासियों से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है. बैठक में अधिकारीगण मौजूद रहे.

# छात्र संघ चुनाव को लेकर एबीवीपी ने सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 15 सितम्बर, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मध्य प्रदेश के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में छात्रसंघ चुनाव तुरंत बहाल कराने की मांग को लेकर आज रीवा के कलेक्ट्रेट कार्यालय में उच्च शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है.**

छात्रों का कहना है कि प्रदेश में साल 2017 से छात्रसंघ चुनाव नहीं हुए हैं, जिससे लाखों विद्यार्थी अपने लोकतांत्रिक अधिकारों से वंचित हैं. बताया गया की मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के बाद सरकार ने सितंबर में चुनाव कराने का भरोसा दिया था, लेकिन अब तक कोई आधिकारिक शेड्यूल जारी नहीं की गई है. फिलहाल चुनाव न होने से छात्रों में भारी निराशा है. एबीवीपी ने मांग की है कि उच्च न्यायालय के आदेशानुसार पारदर्शी, निष्पक्ष और समयबद्ध तरीके से जल्द से जल्द चुनाव कराए जाएं.

# डायल 112 और पिकअप चालक के बीच धक्का मुक्की

नवभारत न्यूज

**रीवा, 15 सितम्बर, जिले के चाकघाट नेशनल हाईवे 30 में अवैध वसूली को लेकर डायल 112 चालक के साथ धक्का मुक्की का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है.**

दावा किया जा रहा है कि डायल 112 के चालकों ने यूपी से एमपी आ रहे पिकअप वाहन का पीछा कर चाकघाट बघेड़ी के समीप रोका था. आरोप है कि उक्त पिकअप वाहन में भैंस लोड कर ले जाया जा रहा था. जिसके बाद डायल 112 के चालक और अन्य स्टाफ के मौजूदगी में पैसे के डिमांड पर बहस हुई है. पिकअप वाहन चालकों द्वारा अवैध वसूली का विरोध किया गया और बात धक्का मुक्की तक पहुंच गई. साथ ही आक्रोशित होकर पिकअप वाहन चालको द्वारा सड़क पर चक्का जाम करने का प्रयास किया गया. बताया गया कि मामला बढ़ता देखे डायल 112 मौके से चलती बनी. वही सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है. लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नही हुई है.

# इंजीनियर्स-डे पर मेधावी छात्र किए गए सम्मानित

नवभारत न्यूज

**रीवा, 15 सितम्बर, रीवा इंजीनियरिंग महाविद्यालय में भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती के अवसर पर इंजीनियर्स डे मनाया गया.**

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.पी. तिवारी ने की. कार्यक्रम में महाविद्यालय के पूर्व छात्र विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहें. इंजी. राजेन्द्र शर्मा, मैनेजिंग डायरेक्टर, शिल्पी इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड,




इंजी.रजनीश कुमार गुप्ता मैनेजिंग डायरेक्टर, ग्लोबल इन्वेस्टमेंट, आरईसी ग्लोबल एलुमनी एसोसिएशन की ओर से आर्किटेक्ट सिद्धार्थ सिंह,इंजी रविशंकर पांडेय, एवं डॉ. दया शंकर पांडेय विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. प्राचार्य डॉ. आर.पी. तिवारी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सर एम. विश्वेश्वरैया के जीवन से विद्यार्थियों को जिज्ञासा, कठिन कार्य करने की दृढ़ इच्छा, ईमानदारी एवं नवाचार की प्रेरणा लेने का आह्वान किया. विशिष्ट अतिथि इंजी राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में इंजीनियरिंग का स्वरूप लगातार विकसित हो रहा है. आज इंजीनियरिंग केवल तकनीक के उपयोग तक सीमित नहीं, बल्कि समस्याओं को समझकर उनके प्रभावी समाधान खोजने की क्षमता विकसित करने का माध्यम है. उन्होंने विद्यार्थियों से बदलती तकनीक एवं उपकरणों के अनुरूप स्वयं को निरंतर तैयार रखने का आह्वान किया. मेधावी छात्रों को सम्मानित भी किया गया.

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी सड़क, दो माह के अंदर धस गई

नवभारत न्यूज

**रीवा, 15 सितम्बर, रीवा में 2 महीने पहले बनाई गई पीसीसी सड़क भरभराकर एक झटके में जमीन के नीचे धंस गई. सड़क के अचानक नीचे बैठ जाने से आवागमन अवरुद्ध हो गया.**

मामला रीवा शहर के रेलवे ओवरब्रिज की हाइवे सड़क से लगे पड़रा मोहल्ले का है. यहां पूरी पीसीसी सड़क अचानक धंस गई, जिसके बाद सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं. स्थानीय लोगों के मुताबिक, सड़क का निर्माण करीब 2 महीने पहले ही कराया गया था. सड़क बनने के बाद किसी ने नहीं सोचा था कि इतनी कम अवधि में यह इस तरह धंस जाएगी. सड़क अचानक भरभराकर एक झटके में नीचे बैठ गई. सड़क के इस तरह धंसने से मौके पर मौजूद लोग भी हैरान रह गए. स्थानीय निवासी रामचंद्र सोनी ने बताया कि सड़क का निर्माण करीब 2 महीने पहले हुआ था. उन्होंने कहा कि अचानक पूरी सड़क भरभराकर धंस गई. इतनी कम अवधि में सड़क का इस तरह नीचे बैठ जाना गंभीर मामला है. सड़क धंसने के बाद यहां से गुजरने वाले लोगों और वाहन चालकों के लिए खतरा बढ़ गया है. इस रास्ते से दोपहिया और चारपहिया वाहन गुजरते हैं. अचानक सड़क के नीचे बैठ जाने के कारण वाहन चालकों को परेशानी हो रही है. रात के समय सड़क का धंसा हिस्सा दिखाई नहीं देने पर हादसा होने की आशंका और बढ़ गयी है. ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई है.

### चौड़ियार में विद्युत चोरी के दर्ज किए 16 प्रकरण

नवभारत न्यूज

**रीवा, 15 सितम्बर, पूर्व संभाग रीवा की टीम द्वारा अवैध कनेक्शन से विद्युत उपयोग करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध 16 प्रकरण दर्ज किए गए हैं.**

पूर्व संभाग के अंतर्गत सभी वितरण केंद्र प्रभारियों द्वारा टीम गठित कर अवैध कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं एवं विद्युत का अनधिकृत उपयोग करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान लगातार चलाया जा रहा है. इसी क्रम में वितरण केंद्र बदरांव के कनिष्ठ अभियंता कुंदन श्रीवास्तव और उनकी पूरी टीम द्वारा ग्राम चौड़ियार में 16 से अधिक विद्युत चोरी के प्रकरण पकड़े गए और मौके पर पंचनामा की कार्रवाई की गई. यह कार्यवाही जारी रहेगी.